हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 सितंबर 2025



04 जिला अस्पताल के विभागों का किया ...

07 गणेश विसर्जन के लिए गोविंद सागर बांध का निरीक्षण किया


## खबर संक्षेप

### दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह सितंबर का खाद्यान्न आवंटन

**सीहोर।** दीनदयाल रसोई योजना अतर्गत माह सितंबर के लिए हितग्राहियो को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी ने सीहोर एवं आष्टा अनुभाग के लिए गेहू 24 किवाटल और चावल 9 किवंटल का आवंटन जारी किया गया है। जारी आवंटन अनुसार अनुविभाग सीहोर को गेंहू 12.00 क्टिल, चावल 3, इसी प्रकार अनुविभाग आष्टा के लिए गेंहू 12.00 किवंटल, चावल 3.00 किवंटल का आवंटन जारी किया गया है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

### पर्वधिराज पर्युषण पर्व के अष्टम दिवस उत्तम त्याग धर्म पर दिए प्रवचन

# त्याग से पुण्य की वृद्धि होती है तो उपलब्धियां अपने आप मिलती हैं: मुनि विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्व व पर के उपकार के लिए अपनी वस्तु का त्याग करना चाहिए। त्याग से ही मुक्ति की प्राप्ति होती है। पुण्य की वृद्धि होती है तो उपलब्धियां अपने आप मिलती है। दान की तीन गति होती है दान, भोग, नाश जीवन में दान करते रहोगे तो धन अपने आप आता रहेगा। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराजजी ने पर्वधिराज पर्युषण पर्व के अष्टम दिवस उत्तम त्याग (दान) धर्म पर दिए गए प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई।



मुनिश्री ने कहाकि चार प्रकार का दान करना चाहिए आहार दान, औषध दान, अभय दान, शास्त्र दान। दान करने से हमारे पुण्य में वृद्धि होती है तथा जीवन में उपलब्धियां अपने आप होती है। अगर आप सुयोग्य दान देते हैं तो वह फलीभूत होता है तथा उससे ज्यादा आपको जीवन में मिल जाता है। उन्होंने बताया कि भरत चक्रवर्ती घर में ही बैरागी बनकर रहे, जिनकी 96 हजार रानियां थी, एवं 6 खंड का राज्य जिनके पास था वह भी उनको प्रभावित कर पाया। जिस प्रकार मिट्टी के बीच दबा हुआ सोना भी कभी खराब नहीं होता है, कमल कीचड़ में रहता है, जल में रहता है तब भी वह अलिप्त ही रहता है। उसी प्रकार भरत चक्रवर्ती थे जो संसार में रहकर भी संसार में कभी लिप्त नहीं हुए। सम्यक दृष्टि का जीव भी इसी प्रकार का होता है जो संसार में रहकर अपनी जिम्मेदारी का सजगता से पालन तो करता है, लेकिन उसमें लिप्त नहीं होता है। घर की जिम्मेदारी से मुक्त होकर वहां भगवान के मंदिर में चला जाता है। जिस प्रकार वेश्या का प्रेम दिखावटी होता है, उसी प्रकार सम्यक दृष्टि जीव भी परिवार से प्रेम तो रखता है लेकिन उसमें वह निर्मोही बना रहता है।

उन्होंने कहाकि तपस्या वही कर सकता है जिनकी आत्म शक्ति मजबूत होती है। त्याग से मुक्ति मिलती है। त्याग में शांति है जिन्होंने रत्नत्रय को धारण कर लिया वहां सुखी हो गया। परम शांति को पाना है तो परम पद को पाना होगा। बिना रत्नत्रय धारण कियें मुक्ति नहीं मिल पायेगी, शांति नहीं मिल पायेगी। संसार में राग जनित सुख है यहा सुख नहीं सुखाभास है। मुनिश्री ने कहाकि एक चींटी को देखो अपने से चार गुना भोज्य पदार्थ को भी खींच कर ले जाती है। आचार्य भगवन कहते हैं जितना संग्रह की भावना कम होती जाती है उतना जीवन ऊंचा उठना जाता है। जितना व्यक्ति हल्का हो जाता है उतना ही मन में संतोष, शांति व सुखी रहता है। उन्होंने कहा कि धन के पीछे मत भागो पुण्य कमाओ धर्म के पीछे भागो धन तो आपके पीछे-पीछे भागेगा। जिस प्रकार स्नान करने वाला कभी भी कीचड़ में नहीं कुदेगा। बनारसी दास अपनी पगड़ी की दुकान से प्रतिदिन केवल तीन पगड़ी ही बेचकर दुकान बंद कर देते थे। क्योंकि उसी से उनका काम चल जाता था। मुनि श्री ने कहा कि मन की कल्पनाओं में मत भागो। घर का एक व्यक्ति भी दीक्षा लेता है तो परिवार में भी भाव बन जाते हैं। नाव जितनी हल्की रहती है तो वहां कभी पानी में डूबती नहीं है। ज्यादा भारी होगी तो उसके डूबने का खतरा बढ़ जाएगा। मुनिश्री ने अकबर बीरबल की कहानी सुनाते हुए कहाकि अकबर ने बीरबल से पूछा की हथेलियों में बाल क्यों नहीं होते है। जब बीरबल ने कहा कि आप दान देते हो इसीलिए बाल नहीं है, वहीं जो दान नहीं देते हैं वह लेते हैं इसलिए उनकी हथेलियों में भी बाल नहीं होते हैं।

### नगर की कन्याओं ने किया प्रसाद ग्रहण

# लव कुश मित्र मंडल ने कन्या भोजन का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर में गणेश महोत्सव के चलते गणेश पंडालो में जगह जगह अनुष्ठान एवं आयोजन किए जा रहे हैं वही नगर के माताजी चौराहा पर कानड़ के राजा के नाम से विराजित गणेश उत्सव आयोजक समिति लव कुश मित्र मंडल के सदस्य नवनीत राठौड़ , जीवन बरेठा ,नितिन बरेठा ,चिंटू गुप्ता ,बलराम खटवा ,देवेन खटवा,अक्षय विश्वकर्मा द्वारा माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन में गणेश महोत्सव के चलते भव्य कन्या भोजन का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की बालिकाओं को प्रसाद स्वरूप में कन्याओं के भाल पर तिलक लगाकर भोजन प्रसादी कराई गई ।कन्या भोजन की व्यवस्थाओं में नगर के युवाओं सहित युवतियां एवं महिला मंडल द्वारा भी कन्या भोजन में योगदान दिया गया नगर में लव कुश मित्र मंडल के इस कार्य की काफी बहुत सराहना की जा रही है।



# जिला अस्पताल में फिर लापरवाही आई सामने, गेट पर खड़ी एंबुलेंस में ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म




**सीहोर।** जिला अस्पताल में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। आपातकालीन एंबुलेंस 108 से ग्राम मूड़ला की प्रसूता महिला को मंगलवार रात करीब 10 बजे अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल के गेट पर पहुंचने के बाद भी काफी देर तक स्टाफ ने प्रसूता का उपचार शुरू नहीं किया।

मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार प्रसूता महिला तो सबके लिए एंबुलेंस में ही तड़पती रहीबताया जाता है कि इलाज के इंतजार में प्रसूता को एंबुलेंस में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। अस्पताल की उपेक्षा के बीच महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लेकिन इस दौरान भी न तो कोई नर्स और न ही डॉक्टर समय पर एंबुलेंस तक पहुंचे। जानकारी के मुताबिक प्रसूता महिला का नाम ग्राम मूंडला निवासी साजिया पत्नी असलम बताया गया है। गनीमत रही कि बच्चा सुरक्षित पैदा हुआ, लेकिन महिला और परिजन अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही से बेहद आहत दिखे।

### बार-बार उजागर हो रही लापरवाही

यह पहला मामला नहीं है जब जिला अस्पताल की खामियां उजागर हुई हैं। खासकर प्रसूता महिलाओं के मामले में स्टाफ अक्सर गंभीरता नहीं दिखाता और मामूली परेशानी पर ही मरीजों को भोपाल रेफर कर दिया जाता है।

### विधायक भी उठा चुके हैं सवाल

अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक सुदेश राय कई बार रोगी कल्याण समिति की बैठक में सवाल उठा चुके हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा। हर बार नई लापरवाही सामने आने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है और अस्पताल प्रबंधन के रवैये पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# अमन सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम धरोला के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थ श्रीमती सपना सक्सेना के सुपुत्र व शिशु मंदिर के पूर्व छात्र अमन सक्सेना ने दक्षिण कोरिया में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ताईक्वांडों टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुवे स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। गत दिनों दक्षिण कोरिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता के 45 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अमन ने स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक रामेश्वर तेजरा समिति सदस्यो एवं खेलप्रेमियों ने अमन की इस उपलब्धि पर बधाइयां दी है।


## शिक्षक सम्मानित हुए, बांटे पुरस्कार

**नलखेड़ा।** नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय समिति द्वारा एक दिन पूर्व ही सभी शिक्षक साथियों को पुरस्कार देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया।



### फसलों का मौका मुआयना किया

# ग्राम गुदरावन व नजरखेड़ा में येलो मोजेक से खेतों में ही सोयाबीन नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार कृषि विभाग राजस्व विभाग पंचायत प्रतिनिधि व किसान प्रतिनिधि के संयुक्त दल द्वारा तहसील के ग्राम गुदरावन व नजरखेड़ा में येलो मोजेक से नष्ट हुई सोयाबीन फसल का मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया गया। गुरुवार को ग्राम गुदरावन व नजरखेड़ा के कृषकों परमानंद पाटीदार, रामेश्वर, भवानीराम, कालूराम पटेल, गोपाल पाटीदार, चंदर मालवीय, विक्रम मेघवाल, मोहनलाल पाटीदार, गोविंद, रमेशचंद आदि की सोयाबीन फसलों का मौका मुआयना कृषि विभाग के एईओ राहुल जाट ग्राम पटवारी ग्राम पटेल व किसान संघ के प्रतिनिधि के संयुक्त दल द्वारा किया गया। मौका मुआयना कर मौके पर पंचनामा बनाया गया जिसमें उक्त किसानों की सोयाबीन फसल येलो मोजेक व अफलन के चलते पूर्ण रूप से नष्ट होना पाई गई।

### डोल ग्यारस पर भजन स्पर्धा का आयोजन, किया गया पूजा-अर्चन

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान, मंडी क्षेत्र में निकले भगवान के विमान, श्रद्धालुओं ने की पूजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में भव्य महा आरती, 56 भोग प्रसादी और भजन स्पर्धा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संरक्षक राहुल सिंह, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत महा आरती से हुई, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद उन्हें 56 भोग प्रसादी का वितरण किया गया। भजन स्पर्धा में केन्द्र की ओर से पंडित सुनील पाराशर, सुशील त्रिवेदी, शिवराज वर्मा आदि शामिल थे। जिन्होंने भगवान खाटू श्याम सहित अन्य के भजनों का गायन किया। भजन स्पर्धा के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल छाया रहा और सभी उपस्थित लोगों ने भजन गाकर भगवान गणेश की पूजा की। संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि इस तिथि पर भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप बाल-गोपाल को एक डोल में विराजित कर शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसलिए इसे डोल ग्यारस कहा जाता है। कृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था। इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को डोल में बिठाकर तरह-तरह की झांकी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाले जाते हैं।

### मंडी क्षेत्र में निकाले भगवान के विमान, श्रद्धालुओं ने की पूजा

डोल ग्यारस पर्व शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान निकाले गए, जिनमें भगवान की झांकियों को सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। मंडी क्षेत्र में बड़ा मंदिर, छोटे मंदिर और एमसीबी रोड स्थित लोधी मोहल्ला मंदिर के विमान एकत्र हुए। इसके बाद सभी मंदिरों से बने डोलों को



मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। डोल यात्रा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं ने मार्ग में खड़े होकर पूजा-अर्चना की। जगह-जगह भक्तों ने आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। श्रद्धालु हाथी-घोड़ा पालकी का जयकारा लगाते हुए यात्रा के साथ चलते रहे। पूरे शहर में उत्सव और मेले जैसा माहौल बन गया। डोल ग्यारस के अवसर पर श्रद्धा और आस्था की छटा चारों ओर बिखरी रही। भगवान के विमानो का पोस्ट ऑफिस रोड आजाद क्लब गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से स्वागत किया।

# ट्रॉली चोरी के आरोपी को नर्मदापुरम के पिपरिया से किया गया गिरफ्तार

### एक ट्रैक्टर व चोरी की हुई ट्राली, 5.5 लाख रुपए का सामान जब्त

**भैरुंदा।** 1 सितंबर को फरियादी इमरान खान पिता फजल उद्दीन उम्र 34 साल निवासी रायसाहब कालेज के सामनें भोपाल रोड राला ने रिपोर्ट किया कि वह ट्रॉली बनाने का काम करता है। दिनांक 26, 27.08.25 की रात को कोई अज्ञात आरोपी उसके घर के साईड में खडी ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक – 480/2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।



सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा घटना की सूचना उपरांत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अपराध क्रमांक 480/25 धारा – 303(2) बीएनएस के अज्ञात आरोपी तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की जिसके परिणाम स्वरुप आरोपी विक्रम पिता श्रीराम बारेला उम्र 24 साल निवासी गुराडी थाना इछावर को दिनाँक 2.9.25 को खापरखेड़ा पिपरिया से गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली कीमत 1.5 लाख और चोरी करने में प्रयोग किए टेक्ट्रर कीमत 4 लाख कुल करीबन 5.5 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी विक्रम बारेला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया। आरोपी द्वारा चोरी की ट्रॉली को पहचान छिपाने के लिए पेंट कर दिया था।

खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**चापड़ा।** किड्ज़ पैलेस स्कूल, चापड़ा में गुरुवार को सोनकच्छ समीप ग्राम कराड़िया परी निवासी छात्र वेदांश सिंह झाला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय परिसर में समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूरा वातावरण गमगीन हो गया।विद्यालय संचालक राहुल सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि "वेदांश का अचानक जाना हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।" साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को वेदांश की निर्मम हत्या करने वालों को सख़्त से सख़्त सज़ा दिलवाए। कार्यक्रम के अंत में सोनू पाटीदार, अनिल पाटीदार, संजय पाटीदार, अमन राठौर, रवि पाटीदार, चेतन परमार एवं रोहित सेंधव सहित उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर नन्हें वेदांश को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## मनोहर नेता को दी श्रद्धांजलि



**भौरासा।** नगर के किराना व्यापारी, पूर्व भाजपा पार्षद कैलाश मावर के पुत्र धर्मेंद्र के बड़े भाई,सचिन एवं अभिषेक के पिता, मनोहर कुमावत (नेता) पूर्व एल्डरमैन के आकस्मिक निधन पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, डॉ रूप सिंह नागर, संजय यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, सचिन यादव, रोहित जायसवाल, धर्मेंद्र ठाकुर ,सुरेश मालवीय, मनीष यादव, संदीप चावड़ा, अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, गुलरेज मदनी, शांतिलाल कुमावत, अजय यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, संतोष गोस्वामी, प्रदीप मंत्री, प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, शिव मित्तल, ओमप्रकाश जायसवाल ने श्रद्धांजलि दी।

## जल भराव से ग्रामीण हो रहे परेशान

**देवास।** प्रधनामंत्री सड़क योजना द्वारा बरोठा और जामगोद रोड पर मोरूखेड़ी गांव के बीचो बीच पुलिया का निर्माण हुआ है। डॉ. रूपसिंह नागर ने बताया कि पुलिया ओर रोड के बीच निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 25 फीट लम्बाई की ढलान छोड दी गई जिसमें एक से डेढ फीट पानी भरा रहता है। इस कारण से यहां पर लगभग रोजाना दो पहिया वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। ग्रामीण भी परेशान है।

### चिकित्सकों और संसाधनों की संख्या पर्याप्त कुशल प्रबंधन की आवश्यकता: डॉ. पिप्पल

# जिला अस्पताल के विभागों का किया गंभीरता से निरीक्षण, ढाई घंटों के निरीक्षण में पाई गई कमियों को सुधारने दिए निर्देश

क्षेत्रीय संयुक्त संचालक डॉ. पिप्पल ने किया जिला चिकित्सालय देवास का औचक निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल देवास का औचक निरीक्षण करने क्षेत्रीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. दीपक पिप्पल गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे देवास पहुंचे और लगभग अगले ढाई घंटों तक जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित विभिन्न विभाग जिसमें आकस्मिक चिकित्सा सेवा, दवा वितरण केंद्र, ओपीडी पर्ची काउंटर , एनसीडी, मनकक्ष ,अस्थि रोग विभाग ,दंत विभाग ,उमंग स्वास्थ्य केंद्र ,जनरल वार्ड ,डायलिसिस स्टोर, नवीन मैटरनिटी भवन में मातृ एवं स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाओ की जानकारी ली ,रोशनी क्लिनिक एएनसी ओपीडी सेवाएं, बर्थ वेटिंग रूम, पीएनसी वार्ड ,कंगारू मदर केयर ब्रेस्टफीडिंग कॉर्नर, पीआईसीयू , एसएनसीयू का आकस्मिक निरीक्षण कर ड्यूटी कर रहे चिकित्सा एवं स्टाफ से कार्यक्रम संबंधित सेवाओं एवं प्रदाय उपचार के बारे में जानकारी ली मरीजों की जांच हेतु उपकरण की क्रियाशीलता और निः शुल्क दवाओ के बारे में जानकारी ली।

आरएमओ डॉ. अजय पटेल और अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान को निर्देश दिए की नियमित अस्पताल में भ्रमण करें और मरीजों को बैठने के लिए उपयुक्त चेयर और स्थान की व्यवस्था करें मरीज चिकित्सकों के समक्ष बैठकर उचित परामर्श और उपचार प्राप्त कर सके। जिला अस्पताल पहुंचकर पिप्पल ने सबसे पहले इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया। उसके बाद ओपीडी कक्षों का निरीक्षण किया। पिप्पल ने दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया जहां फार्मासिस्ट के एप्रेन न पहनने पर फटकार लगाई।

### ओपीडी पर्ची कक्ष का निरीक्षण

करते हुए वहां मौजूद बंद पड़ी टोकन सिस्टम की मशीनों पर नाराजगी व्यक्त की। जिस पर हॉस्पिटल मैनेजर प्रमोद गुणवान और आरएमओ अजय पटेल को फटकार लगाई। सख्त लहजे में निर्देश देते हुए मशीनों को जल्द से जल्द शुरू करने का कहा। पिप्पल ने कहा कि सरकारी मशीन समझकर उसे यूंही पड़ी न रहने दे। सरकार द्वारा दिए गए संसाधनों का आम जनता के लिए उपयोग हेतु उसे क्रियाशील करे। दरअसल टोकन मशीनें एमपीपीएचएससीएल द्वारा जिला अस्पताल को प्रदान की गई हैं जो लगभग एक वर्ष से बंद पड़ी हुई हैं। मशीन में बार कोड को अपडेट करने वाली एओवी एजेंसी द्वारा मशीनों में अभी तक बार कोड अपडेट नहीं किया गया है। उसके बाद आरजेडी ईएनटी विभाग का निरीक्षण किया जहां डॉक्टर कमल प्रजापति से चर्चा कर विभाग की जानकारी ली। ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करने के बाद क्षेत्रीय संयुक्त संचालक एनसीडी कक्ष में निरीक्षक करने पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सक बी. आर. शुक्ला और अन्य से चर्चा की। क्षेत्रीय संयुक्त संचालक के निरीक्षण की भनक लगते ही ओपीडी में सेवा देने वाले चिकित्सक एप्रेन में नजर आए। डॉ. पिप्पल ने निर्देश दिए कि नॉन कम्युनिटी डीसीज में विशेषज्ञों की ड्यूटी न लगाते हुए उन्हें उनकी विधा के अनुरूप विशेषज्ञ कक्षों में लगाए। उसके बाद मनो रोग कक्ष में डॉ. धर्मेंद्र प्रजापति का से चर्चा की। दंत रोग विभाग में डॉ. रीना वर्मा से जानकारी ली दंत विभाग में उपचार में किस प्रकार की सेवाएं दी जा रही है कितने दंत चिकित्सक पदस्थ हैं ,दंत रोग सम्बन्धी सभी प्रकार की उपचार सेवा देने के निर्देश दिए ,जो भी उपकरण या दवाईयों की जरूरत हो सिविल सर्जन को डिमांड दीजिए। रूट केनाल और इंप्लांट का स्टेट्स जाना। दंत रोग विभाग में 8 चिकित्सों की ड्यूटी से आरजेडी ने कहा कि इतने डॉक्टर्स अच्छी सेवाएं दे सकते हैं। 8 डॉक्टर्स मे अधिकतर डॉक्टर्स एमडीएस है। दंत रोग विभाग में चिकित्सकों को निर्देश देते हुए आरजेडी ने कहा कि आप मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करे, यदि कुछ संसाधनों को की कमी है तो उसे अपने वरिष्ठों को अवगत कराएं। किसी भी स्थिति मे मरीज प्रायवेट अस्पताल में रेफर नहीं



होना चाहिए। डॉ. पिप्पल ने कहा कि हॉस्पिटल पेशेंट सेंट्रिक होना चाहिए। उसके बाद क्षेत्रीय संयुक्त संचालक पीआईसीयू के पहुंचे और शिशु रोग विशेषज्ञों से चर्चा की नर्सिंग स्टॉफ से बच्चों को दी जाने वाली ऑक्सीजन सप्लाई की प्रोसेस को दोहराया।

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान आरजेडी सफाई व्यवस्था को लेकर नाराज हुए और अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान से सफाई कर्मियों की जानकारी ली जिस पर गुणवान ने बताया कि 66 कर्मचारी जिला अस्पताल की सफाई के लिए लगाए गए है। जनरल वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीजों से आयुष्मान की जानकारी ली और मौजूद स्टाफ से पूछा कि आयुष्मान की सुविधा मरीजों को किस प्रकार मिल रही है। आयुष्मान कोर्डिनेटर सौरभ शर्मा को निर्देश दिए कि जो भी आयुष्मान का हितग्राही या मरीज है उन्हें बेड पर ही आवश्यक क्लेम संबंधित कार्रवाई कर योजना का लाभ दिया जाए। डॉ. पिप्पल ने डायलिसिस कक्ष का भी निरीक्षण किया। मरीजों का डायलीसिस कक्ष में मरीजों की संख्या कम देखकर वे असंतुष्ट नजर आए उन्होंने निर्देश दिए कि डायलिसिस की सुविधा शासन द्वारा दी गईं महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है जो जीवन रक्षक है जिसका जरूरतमंद मरीजों को पूर्ण लाभ मिलना चाहिए। उसके बाद आरजेडी दीपक पिप्पल नई बिल्डिंग स्थित प्रसूता विभाग पहुंचे। ड्यूटीरत नर्सिंग स्टाफ मैटरनिटी विंग का निरीक्षण कर डॉ. पुष्पा पवैया एवं नर्सिंग स्टाफ से प्रसव पूर्व जांच एवं अनमोल पोर्टल में एंट्री किए जानें के बारे में विस्तृत जानकारी ली प्रतिदिन कितने नॉर्मल प्रसव ,सिजेरियन किए जा रहे, जिले के किसी भी प्रसव केंद्र से रेफर होकर आने वाली हाई रिस्क गर्भवतियों का उचित प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव करवाने के निर्देश दिए।

डॉ. पिप्पल ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए की जो भी डिलीवरी संस्था में हो रही है उसका अपडेशन डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से करवाए और मॉनिटरिंग करने के लिए इंचार्ज या नोडल को नियुक्त करें साथी समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए,अस्पताल में प्रसूता को पात्रता अनुसार जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री प्रस्तुति सहायता योजना का लाभ अनिवार्य दिया जावे के निर्देश दिए।

पीएनसी वार्ड के निरीक्षण में इंचार्ज की लापरवाही पर नर्सिंग ऑफिसर कविता सरवटे को कारण बताओं नोटिस जारी करने और डॉ.पुष्पा पवैया को नियमित एएनसी,पीएनसी वार्ड निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डॉ. साधना वर्मा से रोशनी क्लीनिक में प्रदाय सेवाओं और नर्सिंग स्टाफ के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली, स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा अस्पताल में मातृ स्वास्थ्य सेवायें गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के बारे में निर्देश दिए। पिप्पल ने कंगारू मदर केयर के शौचालय में ताला लगा रहने से नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कंगारू मदर केयर के इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए। डॉ. पिप्पल पीआइसीयू का निरीक्षण किया के ड्युटीरत चिकित्सक से उपचार के संबंध में जानकारी ली चिकित्सक से पूछा पीआइसीयू में नार्मल बच्चे जिनका जनरल वार्ड में उपचार हो सकता है भर्ती तो नही है जिन बच्चों को जरूरत है उन्हें ही पीआईसीयू में भर्ती करें। एसएनसीयू का निरीक्षण किया भर्ती बच्चो उनके उपचार , दवाईयों रेफरल आदि की विस्तृत जानकारी ली। स्टोर का निरीक्षण कर उपकरण, आवश्यक दवाईयों , प्राप्त सामग्री की जानकारी ली सिविल सर्जन और सीएमएचओ को फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन ऑफिस में बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की जानकारी ली एवं प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए लेखपाल एनएचएम डिंपल बघेल को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही निरंतर समीक्षा और मॉनिटरिंग के निर्देश सिर्फ सिविल सर्जन डा. आर.पी. परमार को दिए। क्षेत्रीय संचालक ने माना कि अस्पताल के अधिकतर विभागों में चिकित्सकों की संख्या और संसाधन पर्याप्त हैं यदि ओर कुशल प्रबंधन किया जाए तो मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक , सिविल सर्जन डॉ. आर.पी परमार, आरएमओ डॉ अजय पटेल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. संतोष कोतकर, डीटीओ. डॉ.अमरीन शेख ,डॉ पुष्पा पवैया ,डॉ साधना वर्मा ,मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर ,उज्जैन से सहायक सांख्यिकी अधिकारी विजय गोठवाल, रविकांत शर्मा स्टेनोग्राफर सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## आरएसएस, वीएचपी, बजरंग दल, गौरक्षा सेवक और वीर सावरकर विचार मंच ने की कृपालु के बप्पा की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था कृपालु परिवार द्वारा चामुंडा कॉम्प्लेक्स में चल रहे 10 दिवसीय गणेश उत्सव का आठवां दिन भक्ति और हिंदुत्व की गूंज के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, गोरक्षा सेवक और वीर सावरकर विचार मंच से जुड़े पदाधिकारियों ने बप्पा की आरती करने के बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी कैलाश चंद्रावत प्रांत पर्यावरण संयोजक, विभाग के संघ चालक अजय गुप्ता और जिला के संघ चालक विमल अग्रवाल ने संस्था को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमान्य तिलक ने जिस भावना से सार्वजनिक गणेशोत्सव की शुरुआत की थी, वह आज हिंदुत्व की एक मजबूत कड़ी बन चुका है। पूरे देश तक संगठन अनुशासन और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ रहे हैं, और गणेशोत्सव इस एकता का जीवंत उदाहरण है। इसके साथ ही कहा कि आने वाले समय में कृपालु परिवार के आयोजन और भी भव्य रूप में सामने आएंगे। उन्होंने कृपालु के बप्पा के संयोजक सुमेरसिंह दरबार और उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी व्यवस्था को सहजता के साथ अनुशासन में करना किसी अनुष्ठान से कम नहीं है।इस अवसर पर कृपालु के बप्पा की आरती और प्रसादी वितरण में संघ के पदाधिकारी कैलाश चंद्रावत, अजय गुप्ता, विमल अग्रवाल, बजरंग दल जिलामंत्री संदीप चौबे, जिला गौरक्षा प्रमुख रमेश कौशल, विजय पांचाल, भारतीय मजदूर संगठन मंत्री राजीव , जिला संयोजक नारायण शर्मा, जिला सहसंयोजक अभिषेक माली, नगर गोरक्षा प्रमुख आनंद चौहान, रजत रघुवंशी, गोकुल ठाकुर के साथ ही वीर सावरकर विचार मंच के संस्थापक राहुल रामराज सहित हिंदू समाज का कार्य करने वाले कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने कृपालु के बप्पा की महाआरती की।

## ग्राम महुडी में देव नारायण कथा का हो रहा आयोजन



**भौरासा।** ग्राम महुडी मे कथावाचक पंडित रामेश्वर शर्मा ग्राम कुड़ाना जिला शाजापुर के मुखबिंद से संगीतमय श्री देवनारायण भगवान की कथा 30 अगस्त 2025 से 5 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक आदर्श धाकड़ समाज धर्मशाला ग्राम महुड़ी में आयोजित की जा रही है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिला, बच्चे,व पुरुष कथा का आनंद उठा रहे है। कथा में गुरुवार को धाकड़ समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रूप सिंह नागर ने ग्राम महुडी पहुंचकर भगवान देवनारायण की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इस अवसर पर रामचरण धाकड़, पंचायत सचिव रूप सिंह धाकड़, कमल सिंह धाकड़, चमन सिंह पहलवान, बलराम धाकड़, कन्हैया लाल यादव खेड़ी,मनोज शुक्ला, अनिल नागर, सुमित धाकड, सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## संकुल का दक्षता वर्ग शिशु मंदिर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर बावडीखेड़ा में गुरुवार को चापड़ा संकुल का दक्षता वर्ग रखा गया जिसमे चापड़ा संकूल के सभी विद्यालयों के आचार्य दीदी उपस्थिति रहे। दक्षता वर्ग के प्रारंभ में मां भारती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख घनश्याम पाटीदार, बावड़ीखेड़ा संयोजक सुरेश शर्मा, रामेत पटेल एवं अन्य संयोजक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। प्रथम सत्र जिला प्रमुख द्वारा लिया गया जिसमें वंदना प्रार्थना व संस्कृत के विषय के बारे में जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में प्रधानाचार्य महेश सोलंकी द्वारा बुद्धि एवं शारीरिक विषय पर चर्चा की गई। तृतीय सत्र में संकुल प्रमुख विजय सांवलिया द्वारा शिशु वर्ग के भैया बहनों को हमें किस तरह सिखाना चाहिए बताया गया। कार्यक्रम के अंत में भगवान गणेश की आरती की गई अतिथियों का आभार बावड़ी खेड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सेंधव द्वारा माना गया।

### एडीजी जोगा, डीआईजी भसीन व एसपी गेहलोद ने 28 नवीन 112 वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# जन-जन की सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता के तहत हुआ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ 000

पुलिस कन्ट्रोल रूम देवास में गुरुवार को डायल 112, जन-जन की सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता के तहत वाहनों का फ्लेग ऑफ कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन नवनीत भसीन व पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद देवास ने आधुनिक सुविधा से लैस 28 नवीन 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने हेतु मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले को कुल 28 नवीन एफआरवी (डायल–112) वाहन प्राप्त हुए हैं। पूर्व से संचालित आकस्मिक पुलिस सेवा का आधुनिक समय के अनुसार आधुनिकीकरण हुआ है। डायल-112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है, जिसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन और अन्य आपातकालीन एजेंसियाँ एकीकृत रूप से शामिल हैं। इससे आपात परिस्थितियों में सहायता और प्रतिक्रिया अधिक त्वरित, समन्वित और प्रभावी होगी। इन नए वाहनों के जुड़ने से जिले में पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं, अपराध की सूचनाओं, आगजनी, महिला सुरक्षा संबंधी घटनाओं एवं अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में नागरिको को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। पुलिस अधीक्ष देवास द्वारा वाहनों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, तकनीकी, मैकेनिकल उपकरण, एवं उपलब्ध टूल्स, स्ट्रेचर, रस्सी, कटर, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार किट इत्यादि भी चेक किए गए। नवीन वाहनों में दुर्घटना ग्रसित/ घायल/ पीड़ित की सुविधा अनुसार फोल्डिंग स्ट्रेचर की एवं सीट फोल्ड कर आराम से बेड की तरह व्यवस्था है, उपचार हेतु ले जाते समय घायल को परेशानी ना हो। प्रत्येक वाहनों के प्रशिक्षित पायलटों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

### वाहनों की प्रमुख तकनीकी सुविधाएं

**जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम** – कंट्रोल रूम से वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन मॉनिटरिंग।

**वायरलेस और संचार उपकरण** – तुरंत संवाद एवं सूचना साझा करने में सहायक।

**प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) किट, अग्निशमन यंत्र**– दुर्घटनाओं व आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता।

**सायरन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम** – भीड़ नियंत्रण व त्वरित प्रतिक्रिया हेतु।

**उच्च गति व सुरक्षित डिजाइन** – घटनास्थल तक समय पर पहुँचने में सक्षम।

**सुरक्षा उपकरण** –अपराधियों पर नज़र रखने एवं गिरफ्तारी में सहयोगी। डैशबोर्ड कैमरा सहित इत्यादि सुविधाओं से लैस है।

इन सुविधाओं से न केवल पुलिस बल की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि "गोल्डन आवर" में नागरिकों को आवश्यक सहयोग शीघ्र मिल सकेगा। इस अवसर पर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी एच एन बाथम,एसडीओपी(एल/आर) संजय शर्मा,डीएसपी(म.सु.शा) बबीता बामनिया,रक्षित निरीक्षक रंजित ठाकुर,निरीक्षक (रेडियो) करण सिंह ठाकुर,निरीक्षक यातायात पवन बागड़ी एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

# अखाड़े के साथ नगर में निकला डोल, युवाओं ने दिखाए कर्तब



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जलझूलनी एकादशी के अवसर पर नगर में अखाड़े के साथ डोल निकाला जाता हैं। नगर चापड़ा में श्री राम मंदिर अखाड़ा समिति के नेतृत्व में अखाड़े के साथ डोल निकाला गया। बुधवार को श्री राम मंदिर से डोल प्रारंभ हुआ जो कि नगर भ्रमण करते हुए तालाब पर पहुंचा जहां पर डोल का पुजन कर जल विहार किया गया। इसके बाद अखाड़े के साथ डोल मंदिर पहुंचा। इस दौरान अखाड़ा कलाकारों द्वारा अनेक प्रकार के करतब अखाड़े में दिखाए गए। इस दौरान प्रदीप जैन ने खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया। साथ ही वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए आनंदीलाल पाटीदार, सूरजमल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, जगदीश पाटीदार, रमेश पाटीदार, गब्बर पाटीदार, रामजी परिवार द्वारा दुग्ध का वितरण किया गया। जगह-जगह पर महिलाओं द्वारा डोल में विराजित कृष्ण भगवान का पूजन किया गया। इस दौरान श्री राम मंदिर पुजारी गणेश दास पहलवान,दीनदयाल वैष्णव,अरूण वैष्णव का जगह-जगह साफा बांध कर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### जीटी एक्सप्रेस से महिला का पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला होशंगाबाद अंतर्गत थाना नर्वदापुरम के शास्त्री वार्ड में रहने वाली कमला कहार पत्नी गोपाल कहार ने जीआरपी पुलिस को सूचना देते हुये बताया कि बीती 5 जुलाई 2025 को वह ट्रेन संख्या 12616 जीटी एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-2 की बर्थ संख्या 9 पर नई दिल्ली से नर्वदापुरम की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना लेडीज पर्स जो कि सिल्वर रंग का था को अपनी सीट के नीचे रखकर सो गयी। झांसी रेलवे स्टेशन निकलने के बाद जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका पर्स अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। कमला कहार के अनुसार उनके पर्स में चांदी की चैन जिसकी कीमत करीब 2 हजार रुपये, एक अंगूठी का मोती जिसकी कीमत करीब 3 हजार रुपये, 1500 रुपये नकद, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, इस्तेमाली कपड़े कुल कीमत 7 हजार रुपये के थे। कमला कहार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### क्रयशुदा जमीन पर बोई उड़द की फसल उजाड़ी

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम खड़ेरा में रहने वाले शिवराज पुत्र पूरन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत वर्ष 2023 में उन्होंने आराजी संख्या 470/1 रकवा 0.121 हे. जो कि ग्राम भैंसाई में स्थित है को खड़ेरा निवासी प्रहलाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद से क्रय की थी, जिसके बाद उक्त जमीन की रजिस्ट्री व दाखिला हो चुका है। दाखला होने के बाद उसने उक्त जमीन पर उड़द की फसल बोई थी। आरोप है कि प्रहलाद ने अपने सहयोगी अरविन्द पुत्र प्रभुदयाल के साथ मिलकर अपराह्न करीब 2 बजे फसल उजाड़ दी, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बताया कि जब उसने व उसके पिता ने इस बार का उलाहना दिया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### भाइयों पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम रमेशरा निवासी नन्दराम पुत्र रघुवर कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बुधवार को सुबह करीब 9 बजे वह अपनी मां फूलन के साथ दरबाजे पर खड़ा था। तभी उसका भाई गोविन्ददास, रामलाल, दयाराम एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर लात-घूसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महिला से मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम मुडिया सैदपुर निवासी अमान अहिरवार पुत्र सलकन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बुधवार की शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी रामकुंवर घर के दरबाजे पर खड़ी थी, तभी गांव का रामरतन कुशवाहा पुत्र खेमचंद्र शराब पीकर आया और गालियां देने लगा। उसकी पत्नी ने विरोध किया तो शोरगुल सुनकर पप्पू कुशवाहा पुत्र भबूदी आया और दोनों उसकी पत्नी से मारपीट करने लगे। उसकी पत्नी चिल्लायी तब परिजनों ने मौके पर पहुंच कर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसकी पत्नी के माथे से खून भी आ गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### इन्वेस्टमेंट के नाम पर 2.43 लाख का फ्रॉड

**ललितपुर।** पुलिस लाइन में रहने वाले कमलेश कुमार पुत्र रामबाबू ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत दिनों पहले उसके पास फेसबुक आई.डी. (कमलेश कुमार लोधी) में राधिका शर्मा के नाम से फ्रेंण्डस रिक्वेस्ट आयी, जिसके बाद उसने अपने आप को एयर होस्टेज बताया। पीड़ित ने बताया कि उक्त ने अपने आप को एक इन्वेस्टर भी बताता और उससे इनवेस्टमेंट करने के बाद एक्सट्रा इनकम का प्रलोभन देकर विभिन्न खातों में इनवेस्टमेंट के नाम पर 243000 रुपये का फ्रॉड कर लिया है।

---

शिक्षक दिवस सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन जयंती विशेष, शिक्षक सच्चे अर्थों में समाज का इंजन है...

# डॉ. राधाकृष्णन वर्तमान युग के शिक्षकों के चरमोत्कर्ष हैं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शिक्षक दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि यूं तो प्रत्येक व्यक्ति हर क्षण सीखता और सिखाता है। इसलिए सभी मनुष्य शिक्षक के दायरे में आ जाते हैं, परंतु आचार्यों, संतों और महात्माओं ने हिमालय से लेकर समुद्र तक अपनी पदयात्राओं के माध्यम से जो ज्ञान बांटा है उनकी ताकत सम्राटों, सेनापतियों और धनकुबेरों से भिन्न है। इसीलिए भारतीय गुरुशिष्य की परम्परा अभी भी कालातीत नहीं बनी हुई है। वस्तुतः वर्तमान शिक्षक दिवस प्राचीन गुरुपूर्णिमा का ही नया स्वरूप है। अँग्रेजों के आने से पूर्व गांव और नगरों में गुरुकुल थे, जहां निशुल्क शिक्षा गुरुग्रहों में दी जाती थी यथा गुरुग्रह गये पढन्न रघुराई, अल्पकाल विद्या सब आई। प्रत्येक मनुष्य श्रमिक है। धरती, धूप, हवा, पानी, आग, आकाश उसकी कच्ची सामग्री है। जिसका उपयोग करते हुए वह अपने आदर्शों के अनरूप दुनिया को ढालता रहता है। परन्तु जानवर चेतनारहित होता है। इस कारण वह बनी बनाई दुनिया में रहने को और प्राकृतिक रूप से स्वयं अपने को विकसित करने के लिए मजबूर है। यही फर्क है मनुष्य और जानवर में। मनुष्य अपने को परिपूर्ण बनाने के लिए आकाश के तारों तक को तोड़कर धरती को सुंदर बनाने में जरा भी कोताही नहीं करता। क्योंकि ज्ञान विज्ञान का कोई सीधा सपाट राजमार्ग नहीं है।इसकी चमकीली चोटियों पर वही पहुंच पाते हैं जो ढालू रास्तों की थका देने वाली चढ़ाई से नहीं डरते। इस प्रसंग में अत्यन्त उल्लेखनीय है कि मनुष्य की प्रथम गुरु उसकी मां है। सर्वप्रथम बच्चा जब धरती पर आता है तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए रोता है। माता बिना किसी उधारी के तुरंत दुग्धपान कराके केवल बच्चे की भूख ही नहीं मिटाती बल्कि प्रेम के ढाई आखर का भी पहला पाठ पढ़ा देती है। जब बच्चा ढाई साल के लगभग हो जाता है तो प्रेम के पाठ को आगे बढ़ाते हुए वह उसे गोद में लेकर दूध पिलाते-पिलाते मातृभाषा सिखाते हुए कहती है देखो चांद! बच्चा सुनता है। मां फिर उससे पूछती है कि चांद किधर है, बताओ? वह परीक्षा लेती है। बच्चा उंगली से बताता है कि चांद उधर है। चा-चा-चा-न- द और फिर चां-चांद कहता है यानि पहले वस्तु या मॉडल ग्रहण करता है और फिर बोलता है। अतएव मां से बढ़कर और दूसरा अतिउत्तम शिक्षक और कौन हो सकता है। शिशु शिक्षा से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा का प्राणाधार यही वात्सल्य भाव है। मैं अपने उक्त विश्लेषण को तार्किक परिणति इस संश्लेषण के साथ प्रस्तुत कर रहा हूं जिसे महान सुधारक मार्टिन लूथर ने जर्मन अध्यापकों के सम्मेलन में कहा था यदि मैं धर्मोपदेशक (पादरी) न होता, तो मैं अध्यापक बनना चाहता, क्योंकि धर्मोपदेशक के रूप में, मैं ऐसे लोगों को संबोधित करता हूं, जिनकी कमर झुक गई है, जिनके हाथ सूखकर कठोर हो गए हैं, ऐसे लोग, जिनहें जीवन ने अपाहिज और गन्दा बना दिया है वे कूपमंडूक की तरह कुएं के व्यास को सम्पूर्ण जगत मानने के कारण कोई नई बात सुनना ही नहीं चाहते, लेकिन आप, अध्यापकगण, आप पवित्र आत्माओं को संबोधित करते हैं। वह सत्य, जिसका मैं उपदेश देता हूं, भ्रष्ट आत्माओं मे जागृता है और कभी-कभी वह स्वयं वहाँ भ्रष्ट हो जाता है या यों ही गतिहीन कंकड़ की तरह व्यर्थ पड़ा रहता है, जो सत्य आप बच्चों की ग्रहणशील और पवित्र आत्माओं को पेश करते हैं वह देदीप्यमान लौ की भांति चमकता रहेगा। अतः मैं पुनः यह तथ्य आप सभी को आत्मसात कराना चाहता हूं कि वस्तुतः शिक्षक ही समाज का इंजन है।

---

वारावफात जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सफाई व गड्ढे भरने के दिए आदेश

# गणेश विसर्जन के लिए गोविंद सागर बांध का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अनंतचतुर्दशी पर्व के चलते अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी प्रशासक मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी द्वारा गोविंद सागर बांध पर स्थित विसर्जन स्थल, आजादपुरा (लेड़ियापुरा) बांध तिराहे का निरीक्षण किया गया। विसर्जन स्थल के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा गणेश विसर्जन के चलते व्यवस्था दुरूस्त रखे जाने हेतु निर्देश दिये, इस दौरान उन्होंने कहा कि बांध के पास उचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई, विसर्जन स्थल में कर्मचारियों को लेकर पानी की साफ-सफाई कराये, झाड़ियों आदि की कटाई करायें, इसके अलावा जहां मार्ग पर जल भराव की स्थिति है उक्त स्थल पर मोरम आदि डालते हुए सड़क की मरम्मत कराई जाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था के निर्देश दिये ।इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी द्वारा आजादपुरा गोविंद सागर बांध तिराहे का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा अधिशासी अधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिये गये कि बांध में गणेश विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, बांध तिराहे पर अनंतचतुर्दशी पर्व के चलते कोई भी श्रद्धालु गणेश विसर्जन न करें,

इस दौरान बांध के तिराहे पर बनी बांध की बाउंड्री के अंदर देशी शराब के पाउच का ढेर पाया गया, जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करते हुए, शराब ठेका संचालक पर 5 हज़ार रुपये जुर्माना लगाए जाने हेतु निर्देश दिये गये, इसके उपरांत उन्होंने बांध तिराहे पर सीसीटीवी कैमरों आदि का भी निरीक्षण किया, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मोहल्लों में साउण्ड के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर श्रद्धालुओं को गोविंद सागर बांध स्थित गणेश विसर्जन स्थल पर ही गणेश विसर्जन हेतु जागरूक करें।

इसके उपरांत ईदमिलादुन्नवी (बारहवी शरीफ) के चलते गोविंद नगर का निरीक्षण करना किया गया। उन्होंने जुलूस मार्ग पर लाइटिंग व्यवस्था व विशेष सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी द्वारा गोविंद नगर स्थित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं मुस्मिल समुदाय के लोगों से वार्ता की गई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि जुलूस मार्ग पर समस्त गड्डों आदि को भरवाया जाये।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पुलिस बल एवं पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रीगणेश की प्रतिमा स्थल पर जुटे श्रद्धालु



मोहल्ला गांधीनगर स्थित मंजीत करौसिया के आवास पर विराजमान श्रीगणपतिजी के पंडाल में श्रद्धालु ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान भक्तों ने गणपतिजी को मुकुट, पुष्पमाला, वस्त्र मनमोहक श्रृंगार कर गणपतिजी की आरती कर गणपति बाप्पा मोरया अगले वर्ष तु जल्दी आ के जय घोष के गगन भेदी नारे लगाए गए। इस अवसर पर दयानन्द तिवारी, सेटू महाराज, नवल घावरी, राजकुमार नाहार, जितेन्द्र करोसिया, बृजेश नहारिया, संजय, अमित, आशीष, अंकित, अमन दिलजीत, इलू, माहिमा चांदनी, नैना, वंशिखा, रूही, यशिका, धनंजय, पारस, प्रयांश, उमंग, श्रीजीत, तेजस, कबीर आदि मौजूद रहे। अंत में कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया ने सभी भक्तो को अंग पाटिका भेंट का आभार व्यक्त किया।

---

समिति की बैठक संपन्न

## विकास के लिए इस वर्ष वितरित किया 968.29 करोड़ का ऋण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वित्त वर्ष 2025-2026 में लक्ष्य 2823.16 के सापेक्ष 34.29 प्रतिशत 968.29 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया जा चुका है। बैठक में डीएम अमनदीप डुली ने इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक एवं आई.डी.बी.आई बैंक को एसीपी के सापेक्ष ऋण वितरण न होने व सीडी ऋणजमनुपात मानक से भी कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। बैंकों के उच्चाधिकारी को पत्र भेजने व कम प्रगति होने का कारण सूचित करने कि हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने ऋण वितरण योजना के वित्त वर्ष 2025-2026 की समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारी व सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों को ऋण वितरण कर वांछित प्रगति सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओ की समीक्षा की जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, सीएम युवा आदि अन्य सभी को योजना की प्रगति पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बैंकर्स को एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, सीएम युवा ऋण स्वीकृति के लंबित आवेदन को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान एलडीएम रंजित कुमार ने सभी जिला सम्न्यबक को निर्देश दिए कि शाखा मे लंबित ऋण पत्रावलियों को जल्द से जल्द निपटान करें जिससे की जनपद रैंकिंग स्थिति में अतिशीघ्र सुधार हो सके एवं उ. प. शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार पूरक एनआरएलएम एसएचजी, पीएम स्वनिधी योजना सहित योजनाओं के अंतर्गत अधिक संख्या में पात्र को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में सीडीओ, श्रीकांत, रिजर्व बैंक प्रतिनिधि विशाल यादव, सुरेन्द्र कुमार डीसी, संजय यादव, सलिल अर्कवंशी, मुकेश पटेल, सतीशचन्द्र, आरसेटी एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

### इन योजनाओं की प्रगति पर दिया जोर

बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओडीओपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं पर जोर दिया।

---

## शहीदी दिवस पर 13 को आएगी यात्रा



**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक को दिया गया, जिसमें श्रीगुरुतेग बहादुरजी के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित असाम के धोबड़ी साहिब गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) ललितपुर में 13 सितंबर दिन शनिवार को आ रही है, जिसका की समापन आनंदपुर साहिब पंजाब में होना है। यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होती हुई ललितपुर पहुंच रही है। जिसका की स्वागत ललितपुर बाईपास गोविंद सागर डैम के पास सरदार परमजीत सिंह छतवाल के शोरूम पर किया जाएगा। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था एवं मार्ग की साफ सफाई व्यवस्था हेतु व ट्रैफिक व्यवस्था एवं पर्याप्त महिला व पुरुष पुलिस बल व्यवस्था कराए जाने हेतु ज्ञापन डीएम-एसपी को दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, सतनाम सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग पुत्री से अभद्रता कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 2 सितम्बर को उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपराह्न करीब 2 बजे बाजार जा रही थी। तभी रास्ते में घण्टाघर के पास मोहल्ले में रहने वाला अन्नू अहिरवार पुत्र नरेन्द्र मिला और पुत्री से अभद्रता करने लगा। पुत्री द्वारा मना करने और भाई से कहने की बात पर गालियां देते हुये मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि उक्त अन्नू अहिरवार बदमाश किस्म का है, जो कि आगरा में जेल काट चुका है और पुत्री को जान से मारने की धमकी दी। इस घटनाक्रम के दौरान कल्लू उर्फ अमन पुत्र अनिल व उसके परिजन आ गये, जिन्होंने गालियां देते हुये गोली मार देने की धमकी दी।

---

पार्षद मनमोहन चौबे व रमन सरदार पर एफआईआर दर्ज

## पार्किंग की शिकायतें, धमकी दे रंगदारी मांगने का आरोप

**सदमा लगने से ठेकेदार की मृत्यु होने का दावा**

**ललितपुर।** पार्किंग ठेका में तमाम प्रकार की अनियमित्ताओं की शिकायतें करने पर ठेकेदार और उसके कर्मचारियों द्वारा अवैध तरीके से कारों की पार्किंग कराये जाने की लगातार शिकायतें की गयीं। पार्षद मनमोहन चौबे एड. द्वारा की गयी इन शिकायतों को आधार बनाकर ठेकेदार जिनका कुछ दिनों पहले निधन हो गया है, उनके पुत्र ने पार्षद व राष्ट्रीय लोकदल के नेता पर पिता का मानसिक उत्पीडन्न किये जाने और रंगदारी मांगे जाने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। पुलिस ने ठेकेदार के पुत्र की तहरीर पर पार्षद व रालोद नेता के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तालाबपुरा में रहने वाले अनिल तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता चतुर्भुज तिवारी के नाम से नगर पालिका के बेसमेंट में टैक्सी व थ्री सीटर पार्किंग का ठेका आवंटित था, जिसकी देखरेख वह अपने कर्मियों से कराते थे। आरोप लगाया कि विगत तीन माह से लक्ष्मीपुरा निवासी रमन सिंह सरदार एवं गांधीनगर वार्ड के पार्षद मनमोहन चौबे उनके पिता से रंगदारी की मांग रहे थे। कई बार उन्होंने उनके आवास पर आकर अवैध वसूली करने की शिकायत करने की धमकी विगत तीन-चार माह से दी। उनके पिता द्वारा रंगदारी देने से मना करने पर उक्त लोगों द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक व टिविटर पर निरंतर झूठी शिकायतें की जा रहीं थीं। इस कारण उनके पिता मानसिक रूप से काफी परेशान व सदमें में थे। आरोप है कि उक्त झूठी शिकायतों के चलते उनके पिता सदमे में आ गये और 16 अगस्त को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। यह भी आरोप है कि उक्त दोनों लोगों द्वारा उनके पिता की मृत्यु पश्चात भी सोशल साइटस पर पिता के नाम से पोस्ट डालते हुये अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। अनिल तिवारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पार्षद मनमोहन चौबे व रमन सिंह सरदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

डोल ग्यारस पर आयोजन

## राखपंचमपुर में धूमधाम से निकली विमान शोभायात्रा



**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा के ग्राम राखपंचमपुर में स्थित श्रीश्री 1008 श्रीराम जानकी मन्दिर से डोल ग्यारस के पावन पर्व पर भगवान के विमानों की शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के बीच बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में आगे श्रद्धालु अपने हाथों में धर्मध्वजा लेकर चल रहे थे, जिसमें प्रधान राजपाल सिंह यादव, सीताराम विमान को कंधे पर रखकर चल रहे थे। श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। विमान में बैठे भगवान की ग्राम वासियों ने बड़े ही भक्ति भाव से जगह जगह पूजा, अर्चना की व भगवान की आरती उतारकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कई श्रद्धालु भगवान के विमान के नीचे से निकलते दिखाई दिये। भगवान के विमान की शोभायात्रा पूरे गांव की गलियों में भ्रमणशील रही। भगवान के विमान की शोभायात्रा में ग्राम प्रधान राजपाल यादव, सीताराम कुशवाहा, अशोक शर्मा, प्रेमचन्द, कृपाल सिंह, इंदल पण्डा, वीरन राजपूत, नन्दू, सुम्मेर, सौरभ आदि मौजूद रहे।

---

ईद मिलादुन्नबी पर शहर के साथ मस्जिद और मजारों को सजा

# आज शान से निकलेगा जुलुस-ए-मुहम्मदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े त्योहार ईद मिलादुन्नवी के मौके पर शहर के साथ -साथ मस्जिद और मजारों को सजा लिया गया है। पांच सितंबर को जुलुस-ए-मुहम्मदी को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में अच्छा खासा उत्साह है। जुलुस ए मुहम्मदी दोपहर दो बजे गोविंदनगर से आजाद चौक होते हुए नदीपुरा इमाम चौक पहुंचेगा, वही अजीतापुरा से भी जुलुस इमाम चौक पहुंचेगा। इसके बाद इमाम चौक से मऊठाना, रावरपुरा, पानी की टंकी से सीधे सदनशाह पहुंचेगा। सदनशाह पर करीम नगर, नेहरूनगर का जुलुस पहुंचेगा, सदनशाह दरगाह परिसर में उर्स कमेटी व मस्जिद कमेटी द्वारा जुलुस ए मुहम्मदी का स्वागत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के बंगले वाले रोड़ से घुसयाना, कस्साब मंडी, सदरकांटा, घंटाघर, साबरकर चौक, सरायपुरा, लक्ष्मीपुरा, आजाद चौक होते हुए वापिस नदीपुरा इमाम चौक पहुंचकर सम्पन्न होगा।

**बुजुर्गों और नौजवानों द्वारा मुहल्लों में सुबह की जाएगी गस्ती :** रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन गोबिंदगर, नदीपुरा, अजीतपुरा, सदनशाह मुहल्ले में सुबह गस्ती कर शांति, भाईचारे, प्रेम का पैगाम दिया जाएगा। पैगंबर हजरत मुहम्मब स.अलैह वस.



को इस्लाम धर्म का मार्गदर्शक माना जाता है। यही कारण है उनके यौम ए पैदाइश का दिन मुसलमानों के लिए खास होता है। इस दिन को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी कहा जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार तीसरे महीने में रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए यह दिन बहुत ही खास है। क्योंकि यह दिन अल्लाह के दूत कहे जाने वाले पैगंबर हजरत मुहम्मद स. अलैह वस. से जुड़ा हुआ है। मुसलमानों और इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए बेहद खास दिन है। इस दिन को लोग खुशियों के साथ किसी उत्सव या जश्न की तरह मनाते हैं।

### पेश की जाएंगी नात ए पाक

ललितपुर शहर के उलेमाओं की पहल के बाद जुलूस में डीजे नहीं बजेंगे शहर पेश इमाम हाफिज मुबीन खान स्पष्ट कहा कि जुलूस में जो भी व्यक्ति डीजे लेकर आएगा उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी आयोजक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि जुलूस में डीजे पर रोक लगाते हुए ललितपुर में पहली बार जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जुलूसे ए मोहम्मदी में देश के जाने-माने मुल्के हिंदुस्तान सना ख्वाने मुस्तफा गुलाम साबिर रजा इलाहाबाद, सैयद ताहिर नक्शबंदी, शहजान कानपुर जुलूस में नात ए पाक पेश करते हुए चलेंगे। निजामत हाफिज कारी आदिल जमील करेंगे।

### कैसे मनाते हैं ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व

हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद पेश इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने बताया कि इस दिन लोग घर और मस्जिदों को सजाते हैं। तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। घर और मस्जिदों में इस दिन रोनक देखने को मिलती है। लोग पैगंबर हजरत मुहम्मद स.अलैह.वस. के बताए शांति, भाईचारे, प्रेम, अल्लाह की इबादत और सच्चाई के रास्ते चलने की सीख को याद करते हैं। पवित्र ग्रंथ कुरान की तिलावत की जाती है और लोग एक दूसरे के गले लगकर ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद देते हैं। इस मुबारक दिन जुलूस ए मुहम्मदी निकाला जाता है। गरीब और जरूरमंदों की मदद की जाती है।

### एनएच-52 पर अनेक जगह बनी हादसों की संभावना, टोल कंपनी नहीं दे रही ध्यान

# पहले हाईवे की सड़क धंसी अब तिरबेनी पुल के किनारे ढह रही है पिचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में अनवरत हो रही बारिश के चलते एनएच-52 हाईवे पर अनेक स्थानों पर दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। दो दिन पूर्व शहर की सीमा से निकले बाईपास पर दरगाह गेट के सामने हाईवे की सड़क धंसने से हुए 2 फीट गहरे गड्ढे के बाद अब तिरबेनी नाले की पुलिया पर मिट्टी के कटाव के चलते पुल की पिचिंग धीरे-धीरे ढहती ही जा रही है।

पिचिंग ढहने से पुलिया पर बड़े वाहनों समेत दो पहिया वाहनों चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। पुलिया के एक सिरे पर मिट्टी का कटाव इतना अधिक हो चुका है अगर कोई बाईक सवार असंतुलित हुआ तो वो सीधा 20 फीट गहरे नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो सकता है या अन्य कोई जनहानि हो सकती है।




**48 घंटे बाद भी नहीं करवाई धंसी हुई सड़क की मरम्मत :** एनएच-52 पर 02 सितंबर की रात्रि दरगाह गेट के ठीक सामने हाईवे की सड़क अचानक धंसने से दो फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हुआ था। पुलिस प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उक्त गड्ढे के चारों ओर बेरीकेट्स तो लगवा दिए हैं लेकिन गड्ढे की मरम्मत की तरफ टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

**टोल वसूल रही कंपनी नहीं दे रही है ध्यान:** एनएच-52 पर ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक हाईवे की सड़क एवं पुल-पुलियाओं के मेंटेनेंस इत्यादि की पूरी जिम्मेदारी टोल वसूल रही मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की है। लेकिन, उक्त टोल कंपनी द्वारा संभावित दुर्घटनास्थलों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, यह हाईवे मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) के अधीन आता है और एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर नहीं होने से टोल कंपनी के जिम्मेदार उक्त लापरवाहियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हुए सैकड़ों गड्ढे-** उक्त दो बड़ी लापरवाहियों के साथ ही ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक एनएच-52 हाईवे पर अनेकों स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिन्हें मरम्मत की दरकार है। बीच में कुछ दिनों के लिए रुकी बारिश के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा बड़े गड्ढों की रिपेयरिंग की जेहमत नहीं उठाई गई है।

**इनका कहना है...**

संबंधितों को कहकर मैं उक्त दोनों मामलों को अभी दिखवाती हूं। जहां ज्यादा दिक्कत है उन स्थानों पर तत्काल रिपेयरिंग करवाई जाएगी।

सोनल सिन्हा, संभागीय अधिकारी
एमपीआरडीसी, भोपाल

### तेजाजी महाराज के जन्मोत्सव पर भजन संध्या आयोजित

**जीरापुर।** नगर के बटावदा जोड़ के सामने छापी बांध के किनारे स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर पर वीर तेजाजी का जन्मोत्सव धूमधाम हर्ष उल्लास से श्रद्धालु भक्तों द्वारा मनाया गया। श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज समिति द्वारा तेजाजी जन्मोत्सव में देर रात्रि तक भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। जहां पर भजन संध्या कलाकार मदनसिंह पोलाखेड़ा एवं प्रेमसिंह दांइखेड़ी ने धार्मिक भजनों पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिस पर श्रद्धालु भक्त खूब थिरके। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की एवं भक्तों द्वारा तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना की।

### खाद्य एवं औषधी प्रशासन ने प्रस्तुत किया प्रकरण

## जेल में बंदियों को परोसी जाने वाली सामग्री के सैंपल निकले फेल

**राजगढ़।** जिला जेल राजगढ़ में निरुद्ध बंदियों को दिए जाने वाले नाश्ते, भोजन इत्यादि से जुड़ी खाद्य सामग्री के सैंपल लेबोरेट्री जांच में अमानक पाए गए हैं। ऐसे में खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा तत्कालीन जेल अधीक्षक एवं जेल क्रय समिति के एन.एस. राणा, क्रय समिति सचिव अमर सिंह सौलंकी, क्रय समिति सदस्य धमेंद्र सिंह एवं जेल में खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाली राजुलबाई गोदा राज टेडर्स विन्ध्यांचल इंदौर एवं सुनील गोदा राज टेडर्स इंदौर के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण मुख्य न्यायिक मजिस्टेट एवं अपर कलेक्टर राजगढ़ की कोर्ट में प्रस्तुत किया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि 1 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर के निर्देशों पर जिला जेल राजगढ़ में बनने वाले नाश्ता, भोजन आदि में प्रयुक्त होने वाले सोयाबीन तेल, मिर्च पाऊडर सहित सात अन्य सामग्रियों के सैंपल लेकर उन्हें लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया था, जहां सैंपल अमानक स्तर के पाए गए हैं। दौबारा करवाई गई जांच में भी सैंपल अमानक ही पाए गए। ऐसे में आवश्यक विवेचना एवं अभियोजन की स्वीकृति उपरान्त उक्त संबंधितों के खिलाफ मामला न्यायालय एवं अपर कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है।

### उमड़ा भक्तों का सैलाब, खाटूश्याम दरबार दूर अंचल से पहुंचे श्रद्धालु

## उज्जैन से मंगाए गए गुलाब के फूलों से किया गया बाबा का श्रृंगार, निकली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में डोल ग्यारस पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रबंधन ने उज्जैन से 51 किलो लाल गुलाब मंगवाकर बाबा का विशेष श्रृंगार किया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शहर के साथ आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। एक दिन में करीब



एक लाख भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा निकली। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक बाबा को निशान समर्पित किएभीड़ को देखते हुए सिटी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं को भी व्यवस्था में लगाया गया। अधिक भीड़ के कारण हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे से निकाला गया। जलझूलनी एकादशी को डोल ग्यारस कहते हैं।

## कटे होंठ की विकृति से जूझ रहे बालक को मिली नई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की खिलचीपुर तहसील के ग्राम दूधाहेड़ी निवासी 6 माह का मासूम ऋतिक पिता महेश जन्म से ही कटे होठों की जन्मजात विकृति से जूझ रहा था। इस विकृति के कारण न केवल उसके पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, बल्कि उसके परिवार पर मानसिक तनाव और चिंता की गहरी छाया भी थी।

इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. मोहित नागर एवं उनकी टीम द्वारा ऋतिक की आंगनवाड़ी केंद्र पर समुचित जांच की गई। तत्पश्चात सर्जरी हेतु बहु-स्तरीय प्रयास प्रारंभ किए गए। बच्चे के वजन की सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की गई।




जिससे सर्जरी के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हो सकें। बालक की सर्जरी लाहोटी अस्पताल, भोपाल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क रूप से संपन्न हुई। अब ऋतिक पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी मासूम मुस्कान पूरे गांव में आशा का नया संदेश दे रही है।

**वरिष्ठ अधिकारियों का रहा सहयोग**

इस बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं आर.बी.एस.के. नोडल अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया एवं जिला समन्वयक दीपक सक्सेना सहित उनकी टीम की प्रतिबद्धता और मेहनत से यह प्रयास पूर्ण रूप से सफल हो सका। ऋतिक के परिजनों ने शासन, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डोल ग्यारस पर निकले विमान, भजनों की गूंज से भक्तिमय हुआ शहर



**खुजनेर।** नगर में डोल ग्यारस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरानुसार नगर में डोल ग्यारस पर बुधवार को शहर में छः मंदिरों के विमानों द्वारा चल समारोह निकाला गया। इस दौरान शाम 5 बजे से सांवलिया सेठ मंदिर से समारोह प्रारम्भ हुआ जो कुशवाहा मोहल्ले होते हुऐ चरणदास जी मंदिर पहुंचा जहां चरणदास जी मंदिर, नरसिंह जी मंदिर,खाकी जी मंदिर, श्रीराम मंदिर के विमान शामिल हुए। वहीं चल समारोह शिवाजी मार्केट पहुंचने पर द्वारकाधीश मंदिर के विमान भी शामिल हुऐ जो पुराना बस स्टैंड होते हुऐ गोपचंद जी मंदिर पहुंचे जहां भगवान की विशेष पूजा, अर्चना महाआरती कि गई साथ केले का प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान श्री बजरंग अखाड़े के कलाकारों द्वारा लठबाजी आदि करतब दिखाये ओर युवक बैंड की धुन पर नाचते नजर आये अखाड़े के साथ-साथ भजन मंडलियां भी शामिल रही वही भजनों के गीतों से शहर का वातावरण धर्ममय हुआ। विमान वापस आने पर जगह जगह विमान में विराजमान भगवान की पूजा अर्चना की गई जिसमें बडी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए।

## शांति कांवेंट हाई स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



शुजालपुर। जामनेर के हाई स्कूल विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी टीचर्स डे 5 सितंबर को ही मनाया जाता लेकिन 5को छुट्टी होने से यह कार्यक्रम गुरुवार को एक दिन पूर्व ही संस्था में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञातव्य हैं कि 5सितंबर को हमारे देश के स्वर्गीय पूर्व राष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार सुबह 10बजे विद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ एडवोकेट अमित मालवीय ने किया। इस दौरान विद्यालय के फादर तथा सिस्टर ने बच्चों को दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। तो वही मुख्यातिथि मालवीय ने कहा कि शिक्षक के बिना हमारे जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने द्वारा शिक्षक को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किए तो वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित जनों का ध्यान अपनी ओर आकृषित किया।

## विशाल दांगी का संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 9वीं के छात्र विशाल दांगी पिता ओमप्रकाश दांगी ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विशाल दांगी का चयन 17 बालक वर्ग शालय वालीबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर हुआ है। वे 4 सितंबर को मंडीदीप में आयोजित होने जा रही संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक ओवेश, धारणा नामदेव मेम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र विशाल दांगी को बधाई दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### बारिश से निपटने नहीं की गईं पूर्व से तैयारियां

## नगर में कई जगह जल भराव से लोग परेशान

**खिलचीपुर।** नगर के मुख्य सराफा बाजार मार्ग से दर्जी गली, मिर्ची गली के बीच वार्ड नंबर 15 के रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित तो हो रही हैं, वहीं बारिश के पानी से जल भरा हुआ है जिससे आम जनों को काफी तकलीफें हो रही है। पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही रुक-रुक के बारिश के कारण दर्जी गली से सराफा बाजार, गली जोड तक जल



निकासी नहीं होने से जल भराव हो रहा है वहीं नगरीय प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रह है आए दिन वार्ड वासी सहित आने जाने वाले रहा वासी परेशान हो रहे। बीते एक महीने पहले इसी मार्ग पर सामान से भरा हुआ ठेला पलट गया था जिससे उसका पूरा सामान पानी में गिरकर गीला होकर खराब हो गया था। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं ,नगर परिषद से वार्डवासी कई बार शिकायत कर चुके हैं परंतु कोई अधिकारी सुनने को तैयार ही नहीं है।


## छात्र से अश्लील वीडियो बनवाने और वायरल करने पर शिक्षक को शोकॉज

### जांच समिति ने पाया दोषी, 7 दिवस में देना है जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले दिनों अश्लील वीडियो ने जहां शिक्षा विभाग की साख मिट्टी में मिला दी, वहीं विभाग ने जांच करवाते हुए स्कूल के शिक्षक संजय भारती पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शिक्षक भारती को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि 18 अगस्त 2024 को स्कूल की स्मार्ट टीवी पर अश्लील वीडियो चलाने एवं सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कही गई है।

12वीं के एक छात्र के लिखित कथन के अनुसार संबंधित अश्लील वीडियो संजय भारती के द्वारा



बनवाया गया था। जांच समिति ने पाया कि घटना की संभावित समयावधि में शिक्षक भारती का पीरियड था। इस प्रकार शिक्षा विभाग ने वायरल वीडियो में संलिप्तता तथा कर्तव्य में लापरवाही एवं कक्षा कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण दोषी पाया गया है। इस विषय पर शिक्षक भारती को 7 दिन का समय दिया गया है जिसमें वह विभाग को अपना उत्तर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**शिक्षक बोले - मुझे नहीं मिला कोई आदेश**

वहीं जब इस बारे में शिक्षक संजय भारती से बात हुई तो उन्होंने विभाग के किसी भी तरह के पत्र मिलने की बात से इंकार कर दिया एवं कहा कि मेरा कोई कालखंड कभी खाली नहीं रहा। यदि मैं किसी कालखंड में उपस्थित नहीं रहा तो मुझे कोई नोटिस दिया गया होगा। मैं नोटिस मिलने के बाद अपना स्पष्टिकरण दूंगा।

### राज्यमंत्री टेटवाल की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर पुजारियों का किया सम्मान

## डोल ग्यारस पर सजधज कर निकले बेवान, हर मोहल्ले में हुई पूजा



**सारंगपुर।** जल झूलनी एकादशी के अवसर पर सारंगपुर के सभी प्रमुख मंदिरों से भगवान के बेवान निकाले गए। सजे धजे बेवान में भगवान कृष्ण की प्रतिमा सनातन धर्म प्रेमियों का मन मोहित कर रही थी। वहीं प्रत्येक परिवारों की माता बहनों ने भगवान के विमान के दर्शन कर विमान में स्थापित भगवान कृष्ण की प्रतिमा का पूजन किया और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मोहल्ले से भगवान के विमान पहुंचे तो मोहल्ले वासियों ने उत्साह और उमंग के साथ भगवान के दर्शन किए। एकादशी के इस पर्व पर नगर में मुख्य मार्ग से एक साथ विमान का चल समारोह भी निकल गया जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। वहीं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला एवं महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पुष्पद के नेतृत्व में सभी विमान में विराजित भगवान का पूजन कर पुजारी का सम्मान किया गया। ढोल ग्यारस के इस पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में सभी प्रमुख चौराहा पर पुलिस जवान तैनात दिखे उल्लेखनीय है कि डोल ग्यारस पर इंद्रदेव द्वारा भी जमकर वर्षा की गई हालांकि विमान के चल समारोह के दौरान पानी बंद होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए बाहर निकले।

### धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डोल ग्यारस पर्व, नगर में चल समारोह निकला

## 51 ढोल के साथ रिमझिम फुहारों के बीच निकले भगवान के विमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर

भादोमास की एकादशी तिथि पर डोल ग्यारस पर्व नगर सहित जिले भर में परंपरानुसार बड़ी धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। राजगढ़ नगर में किला क्षेत्र स्थित श्री नृसिंह भगवान मंदिर में गार्ड ऑफ ऑनर के उपरान्त सभी मंदिरों के विमान स्थानीय पारायण चौक परिसर में एकत्रित हुए। पारायण चौक में श्रद्धालुओं द्वारा विमानों के दर्शन, पूजन उपरान्त उपरान्त गाजे-बाजे के साथ सभी विमानों को नगर भ्रमण हेतु चल-समारोह के रूप में ले जाया गया।

उक्त आयोजन के लिए हिन्दू उत्सव समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं वहीं विमानों भगवान के विमानों की अगवानी के लिए 51 ढोल बुलवाए गए थे। रिमझिम बारिश के बीच शाम 5 बजे चल-समारोह आरंभ हुआ जो रानी लक्ष्मी चौक, मेन मार्केट, गणेश चौक, तुल्ली चौक, किला होते हुए छोटे पुल पहुंचा। इस बीच नगर के श्रृद्धालुओं विमानों में विराजित भगवान के दर्शन कर परिक्रमा लगाते हुए भगवान को फलों व अन्य भोग का प्रसाद अर्पित किया।

### झमाझम बारिश में निकाले गए विमान

सुठालिया में जलझूलनी एकादशी के मौके पर बुधवार को सांयकाल नगर के सभी मन्दिरो के विमान का चल समारोह ढोल ढमाको के साथ निकाला गया। इस दौरान नगर के सभी मन्दिरो के विमान पहले गढ़ी परिसर में एकत्रित हुए जहां राज परिवार द्वारा परंपरागत रूप से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात चल समारोह शुरू हुआ जिसमे नगर के करीब आठ दस मंदिरों के विमान शामिल हुए। इस दौरान विमान के आगे स्थानीय बजरंग अखाडे के कलाकारों द्वारा जगह जगह करतब दिखाए गए।

## श्रीकृष्ण लीलाओं का उपदेश दिया



सारंगपुर शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में बुधवार को ढोल ग्यारस के उपलक्ष में भगवान बलराम और श्री कृष्णा प्रसंगो के अंतर्गत वर्ष भर चलने वाली कार्यक्रमों में ढोल ग्यारस के अवसर पर श्री कृष्ण लीलाओं का और उनके उपदेशों का महाविद्यालय में वीडियो दिखाकर उल्लेख कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के द्वारा गीता के उपदेशों के बारे में बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया और कहा गया कि मनुष्य जीवन में कोई भी ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान गीता में ना हो इसलिए आप सभी को गीता का अध्ययन कर उसके अनमोल विचारों को अपने जीवन में उतरना चाहिए।

### जलझूलनी एकादशी पर धूमधाम से निकले विमान

**माचलपुर।** नगर में परंपरा अनुसार जलझूलनी माचलपुररू नगर में जलझूलनी एकादशी का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सभी मंदिरों के सुसज्जित विमान जिसमे भगवान आकर्षक श्रंगार कर विराजमान थे ढोल नगाड़ों के साथ अपने बरसते पानी में अपने मंदिरों से निकल कर नगर के बाजार चौक पर विराजित हुए। जहा हिंदू उत्सव समिति द्वारा सभी मंदिर के पुजारियों स्वागत सम्मान किया गया मंच पर विराजित विमानों का नगर के नागरिकों ने पूजन दर्शन किए। विमानों के साथ डीजे और ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नचाते हुए चल रहे थे।